उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक– 2131 /चयन/164–2021/2022–23 दिनांक 10 अक्टूबर, 2022

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–03/2013 संस्था प्रधान के प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 31.12.2013 में संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 06.02.2014 को जारी हुई जिसमें आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 25 फरवरी 2014 थी।

2. आवेदन की अन्तिम तिथि तक प्राप्त आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(4)(ग)(पॉच) में निर्धारित प्रकिया का अनुपालन करते हुए शैक्षिक अर्हता, अनुभव, ख्याति प्राप्त पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध–पत्र, डॉक्टर की उपाधि या एम0एड0 के लिए निर्धारित अंक के आधार पर सभी अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की गयी है।
3. दिनांक 17.02.2022 तक प्राप्त ज्येष्ठतम् अध्यापकों को साक्षात्कार कार्यकम में दिनांक 14.03.2022 से 30.05.2022 तक सम्मिलित किया गया था। जिस विज्ञापित संस्था से ज्येष्ठतम् अध्यापकों के नाम प्राप्त नही हुए थे उनको भेजने हेतु चयन बोर्ड की विज्ञप्ति दिनांक 11.03.2022 द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को दिनांक 16.03.2022 तक अन्तिम अवसर दिया गया और साक्षात्कार कार्यकम निर्धारण पृथक से किये जाने की सूचना प्रसारित की गयी थी।
4. **विभिन्न याचिकाओं में पारित माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में संलग्न सूची के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 21.10.2022 को चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है।**
5. उपरोक्त निर्धारित तिथि के साक्षात्कार हेतु वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची चयन बोर्ड के वेबसाइट पर प्रदर्शित है। सूची में अंकित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि दिशानिर्देशों का भली–भॉति अध्ययन करके पोर्टल पर अपने से वांछित विवरण की प्रविष्टि करते हुए साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करें। तद्नुसार नियत तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु चयन बोर्ड कार्यालय में मूल अभिलेख के साथ उपस्थित हों। साक्षात्कार पत्र पोर्टल से ही डाउनलोड करना होगा, डाक से साक्षात्कार पत्र नही भेजे जायेंगे।
6. अभ्यर्थियों के लिए रिर्पोटिंग का समय दिनांक 21.10.2022 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे दोपहर तक है।
7. **महत्वपूर्ण अनुदेश :–**

vi. अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि साक्षात्कार हेतु नियत तिथि व समय किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नही होगा।

vii. अभ्यर्थियों के लिये रिर्पोटिंग का अन्तिम समय दिनांक 21.10.2022 को दोपहर 12:00 बजे तक है, तदुपरान्त अभ्यर्थियों को प्रवेश नही दिया जायेगा।

viii. अभ्यर्थियों को फेसमास्क, हैण्डग्लब्स एवं सैनेटाइजर साथ लेकर आना अनिवार्य होगा, इसके अभाव में साक्षात्कार हेतु चयन बोर्ड परिसर में प्रवेश नही दिया जायेगा। कोविड–19 के सम्बन्ध में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना होगा।

ix. चयन बोर्ड परिसर के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग एवं सैनेटाइजर की व्यवस्था रहेगी। सभी अभ्यर्थियों को सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

x. अनुशासनहीनता, अशान्ति फैलाने अथवा साक्षात्कार कार्य में बाधा डालने पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित किया जा सकता है तथा भविष्य की सभी परीक्षाओं से डिबार किया जा सकता है। अतः सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि साक्षात्कार प्रकिया में शान्ति बनाये रखें।

10.10.22

सचिव